प्रादेशिक समाचार

दिनांक–29.06.2024 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पवित्र अमरनाथ यात्रा की शुरुआत पर सभी तीर्थयात्रियों को शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि बाबा बर्फानी के दर्शन और पूजा से जुड़ी यह यात्रा भगवान शिव के भक्तों में अपार ऊर्जा का संचार करती है। उन्होंने कामना की कि बाबा बर्फानी के आशीर्वाद से सभी भक्तों का कल्याण हो। गृह मंत्री अमित शाह ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्री अमरनाथ यात्रा भारतीय संस्कृति की परम्परा और निरंतरता का शाश्वत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार श्रद्धालुओं की सुरक्षित, सुगम और सुखद यात्रा के लिए प्रतिबद्ध है। श्री शाह ने कहा कि सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव व्यवस्था की है कि श्रद्धालुओं को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़ें

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 11वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन एआइआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा।

****

बाबा अमरनाथ की यात्रा के लिए आज हटिया से 30 तीर्थ यात्रियों का जत्था रवाना हुआ। इस दौरान सभी तीर्थयात्री काफी उत्साहित नजर आये। यह जत्था एक जुलाई को बाबा बर्फानी के दर्शन करेगा। इसके बाद सभी लोग श्रीनगर के श्री शंकराचार्य मंदिर, माता वैष्णो देवी और शिव खोड़ी के दर्शन करते हुए आठ जुलाई को रांची लौटेंगे।

****

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने रद्द और स्थगित परीक्षाओं के लिए नई तारीखों की घोषणा कर दी है। एनटीए ने जारी एक अधिसूचना में कहा कि यूजीसी–नेट जून 2024 परीक्षा अब 21 अगस्त से 4 सितंबर के बीच आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा 18 जून को आयोजित किए जाने के एक दिन बाद रद्द कर दी गई थी।

****

आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए गोड्डा जिले में मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य तेजी से चल रहा है।

****

झारखंड सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को प्रति माह 200 यूनिट बिजली मुफ्त देने का फैसला लिया है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला लिया गया। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने कहा कि सरकार इसके लिए प्रति माह लगभग 21 करोड़ 70 लाख रुपये का अतिरिक्त बोझ वहन करेगी। उन्होंने कहा कि इससे लगभग 41 लाख 40 हजार उपभोक्ताओं को लाभ होगा।

****

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से उनके आवास में पोटका विधायक संजीव सरदार ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री को विधायक संजीव सरदार ने पोटका विधानसभा क्षेत्र के जनसमस्याओं से अवगत कराते हुए उनके निराकरण का आग्रह किया। मुख्यमंत्री से उन्होंने पूर्वी सिंहभूम जिले में सर्वेक्षण के आधार पर जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा के संवर्धन के लिए चिह्नित विद्यालयों में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा के माचेत और मास्टर चयन प्रक्रिया में आ रही विसंगतियों को दूर करने का भी निवेदन किया है।

****

असम के मुख्यमंत्री सह झारखंड विधानसभा के सह चुनाव प्रभारी हिमंता विस्व सरमा आज रांची में विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक करेंगे। वे प्रदेश के नेताओं के साथ चुनाव घोषणा पत्र में शामिल किये जाने वाले विषयों पर चर्चा करेंगे। रांची एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत में राज्य की गिरती विधि व्यवस्था पर राज्य सरकार की आलोचना की। बाद में उन्होंने पार्टी के जनजातीय नेताओं से भी मुलाकात की।

****

राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में मानसून पूरी तरह सक्रिय हो गया है। कल राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश हुई। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक रांची, हजारीबाग और पलामू समेत राज्य के दस जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

*****समाप्त********